
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318


# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-161 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 23 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## योगी सरकार का बड़ा तोहफा! यूपी के किसानों के लिए आई सबसे बड़ी खुशखबरी

### अब सीधे खाते में आएंगे 5 लाख



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के किसान भाइयों के लिए एक बेहद शानदार और बड़ी राहत देने वाली खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के अन्नदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीएम योगी के 'डिजिटल उत्तर प्रदेश' के सपने को रफ्तार देते हुए अब सूबे की बेहद लोकप्रिय 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' को पूरी तरह से डिजिटल यानी ऑनलाइन करने का बड़ा फैसला लिया गया है।

इस बड़े तकनीकी बदलाव का सीधा और सबसे ज्यादा फायदा उत्तर प्रदेश के लाखों किसान परिवारों को मिलने जा रहा है। अब किसी भी अनहोनी या हादसे की स्थिति में किसान परिवारों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने और बाबुओं के सामने मिन्नतें करने की बिल्कुल जरूरत नहीं पड़ेगी। वे घर बैठे ही इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। योगी सरकार ने इस पूरी कल्याणकारी योजना को फरवरी 2026 तक पूरी तरह से डिजिटल फॉर्म में बदलने का एक सख्त लक्ष्य निर्धारित किया है। इस डिजिटल मिशन को अमलीजामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की मदद ली जा रही है। एनआईसी इस



समय एक बेहद आधुनिक और सुरक्षित वेब पोर्टल के साथ-साथ एक खास सॉफ्टवेयर भी तैयार कर रहा है। इस नए ऑनलाइन सिस्टम के चालू होते ही योजना के लिए आवेदन करने से लेकर जरूरी दस्तावेज अपलोड करने, अफसरों द्वारा उनका वेरिफिकेशन (सत्यापन) करने और सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर होने तक का सारा काम चुटकियों में ऑनलाइन हो जाएगा। इससे न सिर्फ किसानों के कीमती समय की बचत होगी, बल्कि फाइलों के कागजी खेल और बेवजह होने वाली देरी से भी हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा। अब तक लागू व्यवस्था के मुताबिक, इस योजना में ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी फिजिकल वेरिफिकेशन (भौतिक सत्यापन) के लिए किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। तहसील और जिला स्तर पर चक्कर काटने की वजह से किसान बेहद परेशान होते थे। लेकिन नई डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बाद किसान अपने खुद के मोबाइल फोन या कंप्यूटर के जरिए घर बैठे ही आवेदन जमा कर सकेंगे। इसके साथ ही, किसान अपने आवेदन की पल-पल की स्थिति (रियल टाइम स्टेटस) को भी ऑनलाइन ट्रैक कर पाएंगे कि उनकी फाइल इस समय किस अधिकारी के पास है। इस पारदर्शी व्यवस्था से तहसील और जिला मुख्यालयों की भागदौड़ पूरी तरह खत्म हो जाएगी और सरकारी महकमों में होने वाले भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी की गुंजाइश भी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साल 2019 में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना' किसानों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच है। खेती-किसानी या किसी अन्य काम के दौरान किसी दुर्घटना में यदि किसान की असमय मृत्यु हो जाती है या फिर वे परमानेंट तौर पर दिव्यांग (अपाहिज) हो जाते हैं, तो ऐसी दुखद स्थिति में पीड़ित किसान परिवार को सरकार की तरफ से अधिकतम 5 लाख रुपये तक की बड़ी आर्थिक मदद दी जाती है। यह पूरी सहायता राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाती है, जिससे बीच में किसी भी तरह की दलाली की कोई गुंजाइश नहीं बचती और मदद सही समय पर सही हाथों तक पहुंचती है। राजस्व परिषद की ताजा रिपोर्ट पर नजर डालें तो दिसंबर 2025 तक पूरे उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत लगभग 29 हजार से भी अधिक किसानों के आवेदनों को हरी झंडी देकर मंजूर किया जा चुका है। अगर अलग-अलग मंडलों के प्रदर्शन की बात करें, तो पूरे राज्य में लखनऊ मंडल सबसे आगे नंबर वन पर बना हुआ है। इसके साथ ही गोरखपुर, अयोध्या और कानपुर मंडल भी किसानों को तेजी से फायदा पहुंचाने के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन करने वाले मंडलों में शामिल हैं। ये सरकारी आंकड़े साफ गवाही देते हैं कि संकट के समय यह योजना उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कितनी बड़ी मददगार साबित हो रही है। यह नई डिजिटल पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी कार्यशैली का एक बेहतरीन उदाहरण है। सीएम योगी लगातार तकनीक और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करके आम जनता, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के किसानों को सीधे तौर पर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र और साफ उद्देश्य यह है कि राज्य का कोई भी जरूरतमंद और पात्र किसान जानकारी के अभाव में इस आर्थिक सहायता से वंचित न रह जाए और पीड़ित परिवारों को बिना किसी रुकावट या परेशानी के समय पर बड़ी से बड़ी आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

## क्यों भट्टी की तरह धधक रहा है बांदा? मौसम वैज्ञानिक बोले- सहारा मरुस्थल से भी ज़्यादा गर्म हुआ शहर

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा:** वैसे तो पूरे उत्तर भारत में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, मगर बुंदेलखंड के बांदा जनपद में स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है. यहां पर जहां अप्रैल के महीने में ही तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था, वहीं मई के इस महीने में पारा 48 डिग्री सेल्सियस के भी पार पहुंच चुका है. इस रिकॉर्ड तोड़ तापमान ने बुंदेलखंड के इस शहर को सहारा और थार के मरुस्थल से भी अधिक गर्म बना दिया है.

इसी के साथ बांदा इस समय दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में शीर्ष पर आ गया है. बांदा इतना गर्म क्यों है और इसको लेकर मौसम वैज्ञानिकों और प्रशासन का क्या कहना है यह जानने के लिए देखें आशुतोष सहाय के संपादन के साथ आनंद तिवारी की स्पेशल रिपोर्ट न्यूनतम तापमान ने छीनी रात की नींद: यहां पड़ रही बेतहाशा गर्मी के कारण स्थानीय जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है. स्थिति इसलिए भी ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि यहां का न्यूनतम तापमान भी 31 से 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जो मानव शरीर के लिए बहुत ही हानिकारक है. पूरी दुनिया के सबसे गर्म शहरों में शुमार हो चुके बांदा की पिछले 2 दिनों की स्थिति यह है कि सुबह जब 4 या 5 बजे लोगों की नींद खुलती है, तभी तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस रहता है. जैसे-जैसे दिन निकलता है और सूर्य की किरणें धरती पर पड़ती हैं, वैसे-वैसे यहाँ का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है. दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा: हालत यह हो जाती है कि सुबह 10:00 बजे तक ही यहां का तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है. वहीं दोपहर 12 बजे तक यह 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तो दोपहर 2 से 3 बजे के बीच




पारा 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है. इसके चलते दोपहर के समय यहां की सड़कों पर लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो जाती है और सन्नाटा पसर जाता है. इस दौरान यहां ऐसी गर्म हवाएं और लू चलती हैं, मानो किसी धधकती भट्टी से आग का कोई सीधा झोंका आ रहा हो. अस्पताल में हर दिन 300 नए मरीज: बांदा जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर वार्ड के चिकित्सक व प्रभारी सीएमएस डॉक्टर विनीत सचान ने बताया कि जिले में इन दिनों जानलेवा गर्मी पड़ रही है. स्थिति यह है कि जहां सामान्य दिनों में अस्पताल में मरीजों की संख्या 1200 से 1400 के बीच रहती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1500 से 1800 तक पहुंच गई है. यानी हीटवेव के कारण रोजाना लगभग 300 अतिरिक्त लोग बीमार होकर अस्पताल आ रहे हैं. हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है, सभी वार्डों में एसी-कूलर लगवाए गए हैं और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध हैं. अवैध खनन और पर्यावरण विनाश बनी वजह: बांदा में आसमान से बरस रही इस आग से त्रस्त स्थानीय लोगों ने बढ़े हुए तापमान के लिए क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और पेड़ों के अंधाधुंध कटान को दोषी ठहराया है. लोगों के मुताबिक जिले की नदियों से भारी मशीनों द्वारा मौरंग का अवैध खनन किया जा रहा है.

इसके साथ ही पहाड़ों में भी अवैध रूप से ब्लास्टिंग कर मनमाने तरीके से पत्थर निकाले जा रहे हैं. सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर लाखों पेड़ों को काट दिया गया है और जंगलों का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है. प्रशासन से पाबंदी लगाने की गुहार: पर्यावरण के इस विनाश के चलते ही बांदा का तापमान हर साल नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है. स्थानीय जनता ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस अवैध खनन और पेड़ों की कटान पर तुरंत पाबंदी लगाई जाए. लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यहां की प्राकृतिक स्थिति इतनी विकराल हो जाएगी जिसे संभालना नामुमकिन होगा. लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद दानिश ने बताया कि बांदा में भीषण गर्मी पड़ने का मुख्य कारण राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाली गर्म पछुआ हवाएं हैं. जनसहयोग से प्लांटेशन कराएगा प्रशासन: डीएम अमित आसेरी ने बताया कि बांदा जिले की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां का क्षेत्र खुला और पथरीला है, जिसके कारण यह अधिक तपता है. अवैध खनन के संबंध में उन्होंने कहा कि केवल बांदा में ही खनन नहीं होता, बल्कि कई अन्य जनपदों में इससे भी अधिक खनन होता है. इसलिए केवल खनन को ही अधिक गर्मी पड़ने की वजह नहीं माना जा सकता, हालांकि प्रशासन समय-समय पर पट्टों का निरीक्षण करता है. उन्होंने बताया कि इस साल प्रशासन जनसहयोग के आधार पर बड़े पैमाने पर प्लांटेशन (वृक्षारोपण) कराएगा ताकि पर्यावरण को सुधारा जा सके. इसके साथ ही गर्मी को लेकर लगातार एडवाइजरी जारी की जा रही है और जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई है.

## मानव सेवा का व्रत लेकर मेडिकल में पढ़ाई कर रहे "बिगड़ैल" जूनियर डॉक्टर रात में नशा करके हो जाते हैं हिंसक

### पेशेवर गुंडों की तरह तीमारदारों और मरीजों के साथ मारपीट और गाली गलौज करते हैं राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के अधिकांश जूनियर डॉक्टर और स्टाफ

**जूनियर डॉक्टरों की पिछले 10 वर्ष की क्राइम हिस्ट्री इस बात का है प्रमाण**

**भाजपा के जनप्रतिनिधियों और नेताओं की इज्जत लगी दांव पर, भाजपा राज में ही हो रही भाजपाइयों की दुर्गति**

**अधिकांश जूनियर डॉक्टर और स्टाफ का नशे में टुन्न होने के कारण तीमारदारों से होता है हिंसक विवाद**

अनिल शर्मा+संजय श्रीवास्तव

**उरई!** उरई का राजकीय मेडिकल कॉलेज पिछले 10 वर्षों से राजकीय मेडिकल कॉलेज स्टाफ से रात्रि के समय होने वाले विवाद और झगड़े की वजह से सुर्खियों में रहता है मालूम हो कि मेडिकल कॉलेज में जालौन जनपद के अलावा हमीरपुर कानपुर देहात के सैकड़ो मरीज 24 घंटे में इलाज के लिए इस मेडिकल कॉलेज में आते हैं लेकिन दिन तो बीत जाता है लेकिन जैसे ही रात होती है मरीज और उनके तीमारदारो से नशे में टुन्न अधिकांश जूनियर डॉक्टर और स्टाफ के साथ आए दिन मरीज के तीमारदारों के बीच वाद विवाद मारपीट आए दिन होती आ रही है इसका एक उदाहरण है वर्ष 2017 में हिमांशु गुर्जर टायर व्यवसायी बजरंग प्रताप सिंह साहित चार साथियों के साथ अपनी क्रेटा कार के साथ आटा की ओर से एक ढाबा से खाना खाकर उरई लौट रहे थे रात के दिनांक 8 अक्टूबर 2017 लगभग 11 बजकर 30 बजे तभी जायसवाल टावर की पुलिया के पास पीछे से ओवरटेक करती हुई एक बुलेट मोटरसाइकिल उनकी गाड़ी से रगड़ मारते हुए आगे निकली उसके बाद इन लोगों ने मोटरसाइकिल का पीछे का उसे गोविंद स्वीट हाउस के पास रोका इसके बाद दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ उसके बाद दोनों जूनियर डॉक्टर पूर्ति से मोटरसाइकिल मेडिकल कॉलेज की ओर लेकर भागे हिमांशु और उनके साथियों ने उनका पीछा किया मेडिकल कॉलेज के गेट पर रुक गई 5 मिनट भी नहीं गुजरे तभी राड और हॉकी लेकर 25 से 30 जूनियर डॉक्टर वहां आ गये उन्होंने व्यवसाई हिमांशु गुर्जर और उनके साथियों को रोड और हॉकी से बुरी तरह मारना शुरू कर दिया इतना ही नहीं उनकी क्रेटा कार जिसकी उस समय कीमत 16 लाख रूपये थी जिसे उसे पहले तो सड़क पर पलटाया और फिर उन्हीं जूनियर डॉक्टरों ने पेट्रोल डालकर कार को जलाकर खाक कर डाला गंभीर रूप से घायल हिमांशु गुर्जर जिसकी उम्र लगभग 23 साल थी जिसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया उसके साथियों ने 10 अक्टूबर 2017 को कुछ डॉक्टर के खिलाफ नाम जद वाकी अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी लेकिन जूनियर डॉक्टर और स्टाफ में घटना की





एक दिन बाद ही कोतवाली में हिमांशु और उनके साथियों के खिलाफ मारपीट अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कर दी थी हैरत अंगेज बात यह है कि इतना बड़ा कांड करने वाले आरोपी जूनियर डॉक्टरों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया उल्टा हिमांशु गुर्जर के साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**केश नं 2-** 20 अप्रैल 2026 को गल्ला मंडी के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राहुल महाराज के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राहुल महाराज अपने बड़े भाई अखिलेश महाराज कि अचानक तबीयत खराब होने पर रात्रि लगभग 11:30 बजे मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे तब राहुल से वहां ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टर ने पर्चा बनवाकर लाने को कहा राहुल महाराज ने बताया की वह पर्चा काउंटर पर गए तो काउंटर बंद था उन्होंने लौटकर ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टर से कहा कि उनके बड़े भाई की तबीयत ज्यादा खराब है पहले आप उपचार शुरू कर दीजिए मैं किसी तरह पर्चा बनवा कर लाता हूं इस पर नशे में धुत डॉक्टर उनके साथ अभद्रता करने लगे उन्होंने भाई की बीमारी का हवाला देते हुए उनके हाथ भी जोड़ लेकिन डॉक्टर और स्टाफ लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग करते रहे और मारपीट पर उतारू हो गई

**केश नं 3-** तीसरी घटना 18 मई 2026 को रात्रि 11:30 बजे की है भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष तथा पूर्व सभासद बृज किशोर गुप्ता रिप्पू की स्मृति गुप्ता पेट में तेज दर्द के कारण अपने पिता बृज किशोर गुप्ता तथा अपने भाई गोपाल गुप्ता के संग मेडिकल कॉलेज गई थी जहां इमरजेंसी वार्ड में नशे में धुत जूनियर डॉक्टरों ने पहले पर्चा बनवाकर लाने को कहा वह गए पर्चा बनवाने लेकिन पर्चा काउंटर बंद था तो उन्होंने आकर डॉक्टर से कहा कि आप उपचार शुरू कर दीजिए बिटिया को बहुत तेज दर्द है इस पर डॉक्टर नाराज हो गए और बहस बाजी होने लगी इसी बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिकिशोर गुप्ता रिप्पू ने जूनियर डॉक्टरों को इलाज करते ना देखकर भाजपा के सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा को फोन लगाकर अपनी तकलीफ बताई विधायक ने कहा की डॉक्टर से बात कराइये तब श्री रिप्पू ने मोबाइल इमरजेंसी वार्ड के इंचार्ज जूनियर डॉक्टर को देते हुए कहा की लीजिए विधायक जी से बात कीजिए इस पर गाली गलौज करते हुए डॉक्टर ने इनका फोन उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे फोन टुकड़े-टुकड़े होकर खराब हो गया फोन की कीमत लगभग 22000 थी इसके बाद वाद विवाद तेज बढा और आरध्य नगाइच ने कुर्सी उठाकर भाजपा नेता के बड़े भाई बृज किशोर गुप्ता पर दे मारी यह देखकर जब उनका लड़का गोपाल गुप्ता को बचाने के लिए आगे आया तो डॉक्टर आराध्य नगाइच और उनके 20 -25 साथी जूनियर डॉक्टरों ने कुर्सी के हतथे डंडे से घेरकर बुरी तरह से गोपाल को पीटना शुरू कर दिया यह देख भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीकिशोर रिप्पू अपने भतीजे गोपाल को जमीन पर लहूलुहान देखकर उसके ऊपर जाकर लेट गये और उसे चपेट लिया तभी उनपर सैकड़ों डंडे कुरसी के हत्थे उनके ऊपर पड़े जिससे वह भी घायल हो गये भाजपा नेता हरीकिशोर रिप्पू का कहना है यदि उन्होंने जमीन पर गंभीर रूप से घायल पड़े अपने भतीजे के ऊपर गिरकर मार खाते हुए उसे बचाया न होता तो यह जूनियर डॉक्टर जो नशे में धुत थे जान लेकर ही छोड़ते रिप्पू ने बताया कि घायलों को जब पुलिस की वैन में विठा दिया गया था तबभी दबंग डॉक्टरों ने वन से खींचकर पुलिस की मौजूदगी में बुरी तरह पीटा कमाल की बात यह है कोतवाली पुलिस ने डॉक्टरों की रिपोर्ट तो एक दिन पहले ही लिख ली लेकिन जब व्यापारियों ने जिसमें भाजपा कांग्रेस सपा बसपा आदि सभी के व्यापारी थे जिन्होंने घंटा घर पर जाम लगाकर धरना दिया जिसमें भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्वजा दीक्षित दिलीप सेठ संतोष गुप्ता लक्ष्मण दास बाबानी विजय चौधरी सहित सैकड़ो महिला और पुरुष नेता मौजूद थे धरना और जाम खत्म करने के लिए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह एडिशनल एसपी डॉक्टर ईशान सोनी सीओ कोतवाल आदि पहुंचें पुलिस अधीक्षक ने सभी को यह आश्वासन दिया कि शीघ्र से शीघ्र आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाएगा मुकदमा दर्ज हो गया देर रात को लेकिन दूसरे दिन डॉक्टर ने हड़ताल शुरू कर दी ओपीडी बंद कर दी आज डीएम राजेश कुमार पांडे और एसपी विनय कुमार सिंह एडिशनल एसपी डॉक्टर ईशान सोनी के समझाने पर डॉक्टरों ने धरना प्रदर्शन और ओपीडी की हड़ताल बंद कर दी है सवाल यह है की रात्रि में ही मरीज और तीमारदारों के बीच मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पिछले 10 साल से झगड़ा और बवाल क्यों होता आ रहा है प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार रात्रि के 9:00 बजे मेडिकल कॉलेज के परिसर में जूनियर डॉक्टर और उनकी मित्र अलग-अलग बैचों में शराब और सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए आमतौर पर देखे जा सकते हैं।

यही शराब सर पर चढ़ जाती है और वह ड्यूटी पर आते हैं तो विला बजे ही डॉक्टर और मरीज और उनके तीमार दारों के बीच में आए दिन झगड़ा और बवाल पिछले 10 साल से होता चला रहा है इसके सैकड़ो उदाहरण हैं लेकिन संख्या बल के कारण जूनियर डॉक्टर स्टाफ हमेशा भारी पड़ते हैं अब सवाल यह है इस मामले को लेकर भाजपा के सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जो स्वास्थ्य विभाग के भी कवीना मंत्री हैं तथा डीजीपी से विधायक ने जो शिकायत की है कि भाजपा में इस घटना को लेकर कार्यकर्ताओं में रोष है देखना यह है कि दोषी डॉक्टरों को भाजपा के जनप्रतिनिधि नेता उन्हें कोई दंड जिला पाते हैं या नहीं

# पोर्टल की लापरवाही से खरीद केंद्र पर रूकी तुलाई

## नाराज किसानो ने एक घंटे तक नदीगांव रोड किया जाम

### -मौके पर पहुंचे कोतवाल ने किसानो से की वार्ता, तब खुला जाम

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गल्ला मंडी में सरकारी गेहूं खरीद केंद्र आरएफसी पर पिछले दो दिनों से गेहूं की तुलाई बंद होने से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। तुलाई न होने के कारण दर्जनों किसान अपनी उपज को लेकर मंडी परिसर में ही डेरा डाले हुए हैं और खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर बारदाना उपलब्ध होने के बावजूद उसे पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया, जिससे खरीद प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

शुक्रवार दोपहर को समस्या का समाधान न होने से नाराज किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने मंडी के बाहर कोंच-नदीगांव रोड पर जाम लगा दिया।



करीब एक घंटे तक लगे जाम के चलते यातायात पूरी तरह से बाधित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार,उपनिरीक्षक अशोक वर्मा एवं मंडी चौकी प्रभारी नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।कोतवाल ने किसानों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिया।कोतवाल की बात से संतुष्ट होकर किसानों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका। किसानों का कहना है कि वे पिछले दो दिनों से अपनी फसल की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते उनकी उपज मंडी में ही पड़ी हुई है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। साथ ही दिन-रात मंडी में रुकने से खाने-पीने और सुरक्षा जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।वही आरएफसी केंद्र प्रभारी मुकेश ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण तुलाई शुरू नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर बारदाना अपलोड होते ही किसानों की गेहूं खरीद और तुलाई शुरू करा दी जाएगी।

# बकरीद को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

## परंपरा का ढंग से बकरीद मनाने की बनी सहमति

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** आगामी मुस्लिम पर्व बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर कोतवाली परिसर में एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता एवं क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की उपस्थित में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगो ने ईदगाह सहित मस्जिदो में नमाज के समय साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था,विधुत आदि व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।इस मौके पर उपस्थित एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने अपील की कि कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की गंदगी न फैलने दें।वही उन्होने कहा खुले में कुर्बानी कतई न हो।सीओ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया तथा बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ,उपनिरीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल नीतू यादव पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## भदेख दिवारा के किसानों ने ओला वृष्टि से हुई फसलों के नुकसान के संबंध में लेखपाल पर भ्रष्टाचार के खुल कर लगाए आरोप, की कार्यवाही की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन,** विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेख दिवारा ओलावृष्टि से हुए नुकसान के संबंध में किसानों ने लेखपाल नीतू यादव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि लेखपाल नीतू यादव ने जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई थी उनके खाते में अभी तक मुआवजा के नाम पर कोई भी रुपए नहीं डलवाए जबकि किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि जिन किसानों की फसल हार्वेस्टर के द्वारा ओलावृष्टि से पहले ही कतरवा कर घर पहुंच गई थी उनके खाते में लेखपाल के द्वारा रुपए पहले ही आ चुके हैं जबकि जिन किसानों की फसले बर्बाद हुई उनके खाते में अभी तक रुपए नहीं आए हैं उन्होंने बताया की लिस्ट डाली थी तो उसमें कई किसानों के नाम नहीं है किसानों ने खुलेआम लेखपाल नीतू यादव पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया है उदय नारायण मिश्रा,मुंशी सिंह, रामबाबू सोनी, पतराखन लाल शुक्ला,अभिमन्यु सिंह,उमेश शुक्ला,राम जी शुक्ला,दिनेश शुक्ला, विद्यावती,अभिषेक कुमार बाजपेई,प्रेमा देवी,राम तुलई धोबी,गामा सिंह,विश्वजीत शुक्ला,अनमोल त्रिवेदी, विश्वजीत शुक्ला,शिवराम राठौर, हरिराम राठौर,अनुराग कुमार,श्रीमन नारायण तिवारी, राजेश शुक्ला आदि किसानो ने बताया कि जिन्ह किसानों ने लेखपाल नीतू यादव को सुविधा शुल्क दे दिया था तो उनके खाते में रुपए आ गए हैं और जिन किसानों ने लेखपाल नीतू यादव को सुविधा शुल्क नहीं दिया था तो वह किस दर दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है और ना ही उनके खाते में मुआवजा के नाम पर कोई रुपए लेखपाल द्वारा नहीं डलवाए गए किसान परेशान हूं वह फसल नष्ट होने के कारण अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूर है लेखपाल नीतू यादव की भ्रष्ट नीति के चलते किसान परेशान है देखने वाली बात यह है कि दोबारा सर्वे होकर किसानों के साथ न्याय किया जाएगा जांच ही चलती रहेगी

# ठगी पीड़ितों ने समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के बैनर तले ठगी पीड़ितों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम रिंकू सिंह राही को राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और ठगी पीड़ितों को भुगतान दिलाए जाने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों में राष्ट्रीय महासचिव गिरींद्र कुमार चतुर्वेदी, जहांगीर बख्श मंसूरी, अतुल द्विवेदी, कमल सिंह, प्रमोद लाक्षाकार, योगेशचंद्र, वेदप्रकाश वर्मा, संतोष कुमार, नाजिम, शिवराम, नीरज, बलवान सिंह, इकबाल अहमद, अनूप कुमार स्वर्णकार आदि ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रिंकू सिंह राही को सौंपकर बताया कि संसद द्वारा वर्ष 2019 में पारित अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम के अंतर्गत सरकार को अधिकृत किया गया था कि वह ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं को 180 दिन के भीतर उनकी जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान सुनिश्चित कराए। इसके तहत देशभर में भुगतान अधिकारी और विशेष अदालतें नियुक्त की गईं। लेकिन इसके सात वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को भुगतान नहीं मिल सका। उन्होंने इसे कानून का उल्लंघन और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही बताया। उन्होंने इसमें लापरवाही बरतने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि देशभर के ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं को तहसील स्तर पर भुगतान खिड़की शुरू कराकर उनका भुगतान मेच्योरिटी और ब्याज के साथ सुनिश्चित किया जाए। अवैध रूप से खोले गए रिफंड पोर्टल को बंद कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में आगामी 31 जुलाई को संसद परिषद का घेराव और भुगतान की मांग की जाएगी।

# बहुत दिनों से खेला जा रहा था सट्टा, सरगना हुआ गिरफ्तार

### -ऑनलाइन सट्टा गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** जनपद जालौन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत माधौगढ़ पुलिस और साइबर क्राइम थाना उरई की संयुक्त टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर भारी नकदी और मोबाइल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक जालौन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष माधौगढ़ अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 22 मई 2026 को ऑनलाइन सट्टा संचालन की सूचना पर छापेमारी की गई, जिसमें पवन



मिसुरिया पुत्र स्व. रमेश चंद्र मिसुरिया निवासी पटेल नगर, माधौगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें सट्टे से संबंधित मास्टर आईडी और अन्य डिजिटल साक्ष्य पाए गए। साथ ही जामा तलाशी में 720 रुपये नकद तथा सट्टे के कारोबार से संबंधित 3,22,780 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस कार्रवाई के दौरान अंधेरे और मौके का फायदा उठाकर चार आरोपी फरार हो गए, जिनमें सागर दुबे, विपिन वर्मा, अतुल दुबे, जानू भाटिया और अंकुश गुप्ता शामिल बताए गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। बरामद साक्ष्यों के आधार पर थाना माधौगढ़ में मु0अ0सं0 55/2026 के तहत धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम (सट्टा) एवं धारा 112(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभिलाष कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक आजिद खान, हेड कांस्टेबल लवलेश कुमार, कांस्टेबल संजय कुमार तथा साइबर क्राइम थाना उरई की टीम शामिल रही। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और मामले की विवेचना जारी है

# श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण रासलीला का वर्णन भागवताचार्य ने किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर के मोहल्ला हरीपुरा में स्थित घाटे वाले हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण रासलीला का वर्णन भागवताचार्य ने किया।

भागवत कथा व्यास दिलीप कुमार दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। कहा कि जब जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है।

# 25 क्वार्टर शराब सहित एक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे 25 क्वार्टर सहित एक व्यक्ति को छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी ने पकड़ा। आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल को सूचना मिली कि ग्राम लहरउवा मोड़ के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति दमां निवासी जगदीश को रोककर जब उसके थैले की तलाशी ली तो उसमें से 25 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पूछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# कोतवाली उरई में लिखाई गई 'टेस्ट रिपोर्ट'

## महरौनी क्षेत्राधिकारी ने जांची कोतवाली की कार्यप्रणाली, फर्जी लूट की तहरीर देकर एक व्यक्ति को कोतवाली भेजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।कोतवाली की कार्यप्रणाली जानने के लिए जनपद ललितपुर के महरौनी क्षेत्राधिकारी ने एक व्यक्ति को तहरीर देकर कोतवाली भेजा। जिसमें सोने की चेन नकाबपोश बदमाशों द्वारा लूटे जाने का आरोप लगाया गया था। तहरीर पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। बाद में सीओ स्वयं कोतवाली पहुंचे और बताया कि वह कार्यप्रणाली की जांच कर रहे थे।

कोतवाली में आने वाले फरियादियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है और उनकी प्राथमिकी दर्ज की जाती है अथवा नहीं यह जानने के लिए शुक्रवार की सुबह जनपद ललितपुर के महरौनी क्षेत्र के सीओ आरके श्रीवास्तव जालौन पहुंचे। उन्होंने एक व्यक्ति को फर्जी लूट की तहरीर देकर कोतवाली भेजा। कोतवाली में उरई कोतवाली क्षेत्र के बघौरा निवासी अश्विनी कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह उरई से जालौन आ रहा था। देवनगर चौराहे पर बाइक सवार दो नकबापोश बदमाश उनके गले में पड़ी सोने की चेन लेकर भाग गए। पुलिस ने तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी और नकाबपोश बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद सीओ स्वयं कोतवाली पहुंचे और बताया कि वह चेक कर रहे थे कि फरियादियों के साथ पुलिस का व्यवहार कैसा है और उनकी तहरींर पर प्राथमिकी दर्ज की जाती है अथवा नहीं और पुलिस कितनी गंभीरता से कार्रवाई करती है। पुलिस का व्यवहार फरियादियों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई से आमजन का विश्वास मजबूत होता है। जब सच्चाई सामने आई तब पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# सरकारी अस्पताल में लापरवाही से गई नवजात की जान के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिए एफआईआर के आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** न्यायिक मजिस्ट्रेट जावेद खान की अदालत ने नवजात शिशु की कथित लापरवाही से हुई मौत के मामले में सरकारी चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं।

कोतवाली माधौगढ़ स्थित सरकारी अस्पताल में कुछ माह पूर्व प्रसव के बाद एक नवजात बच्ची की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस ने मामले को मृत जन्म मानते हुए जांच बंद कर दी थी। इससे असंतुष्ट होकर परिवादी अकबरपुरा निवासी संदेश सिंह ने न्यायालय की शरण ली। मामले की पैरवी अधिवक्ता संतोष यादव ने की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने केस डायरी, गवाहों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का विस्तृत अवलोकन किया। सुनवाई के दौरान सामने आए तथ्यों में यह बात महत्वपूर्ण रही कि नवजात बच्ची ने जन्म के बाद दूध पिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के पेट में दूध और कोलोस्ट्रम मिलने की पुष्टि हुई। साथ ही उसके सिर में चोट के निशान भी पाए गए। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया माना कि नवजात की मृत्यु सिर में चोट लगने के कारण हुई है। अदालत ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्कालीन डॉक्टर पूजा व कुलदीप एवं नर्स संगीता व आकांक्षा के खिलाफ लापरवाही से मृत्यु कारित करने के आरोप में संज्ञान लिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट जावेद खान ने मामले में संबंधित चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ को समन जारी करने के आदेश दिए हैं।

# सरकार के सबसे बड़े मुद्दे गोवंश की सुरक्षा की भदेख में उड़ रहीं हैं धज्जियां

### -भदेख दिवारा की गौशाला में मिट्टी युक्त सड़ा भूसा खाने पर मजबूर गोवंश,

### -सड़ा भूसा खाने से कुपोषण के हो रहे शिकार मौत के बाद खुले में फेंक दिए जाते हैं गोवंश,

### -पाप और पुण्य की बातें दब गई नोटों के अंदर, ग्राम प्रधान और सेकेट्री मिलकर खा रहे हैं गोवंशजो का चारा

( यंग भारत न्यूज )

कुठौंद जालौन, विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेख दिवारा



की गौशाला का बुरा हाल गौ वंश मिट्टी युक्त सड़ा भूषा खाने को मजबूर गौ माता एवं गौ वंशों को न खाने कड़ा सही भूसा और ना ही पीने के लिए सही पानी की कोई भी सही व्यवस्था नहीं है जबकि चोखर दाना या नेपियर खास यह कुछ भी मौके पर मौजूद नहीं मिला और न ही खली युक्त चारा आए दिन गौ वंश कुपोषण के शिकार हो रहे हैं कुपोषण के कारण गौ वंश की मौत हो रही हैं मौत के बाद गौ माता व गौ वंशों को खुले मैं फेक दिए जाता जबकि ग्रामीणों की शिकायत के बाद मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि चरही में सड़ा गला मिट्टी युक्त भूसा गोवंशों को खिलाया जाता है और देखा गया कि घायल पड़ी हुई गौ माता धूप में झुलसने को मजबूर हैं क्योंकि जहां पर गौ माता पड़ी हुई है तो उनके नीचे इतना गोबर पड़ा हुआ है जिससे प्रतीत होता है कि यह कई दिनों से इस चिलचिलाती धूप में मरने के लिए मजबूर हैं मौके पर देखा गया कि गौ माता व गो वंशों के अवशेष गौशाला के बगल में ही काफी मात्रा में पड़े हुए हैं ग्रामीणों ने बताया कि ना तो ग्राम प्रधान और ना ही सचिव कभी गौशाला जाते हैं केवल केयर टेकरों के भरोसे गौशाला चल रही है जबकि मीडिया कर्मियों द्वारा इस संबंध की सूचना खंड विकास अधिकारी कुठौंद को दी गई तो वह मौके पर नहीं पहुंचे और ना ही उन्होंने वहां जाने की अपनी कोई आवश्यकता समझी अब देखने वाली बात यह है कि जब सक्षम अधिकारी इस बात पर ध्यान नहीं देंगे तो गौ माता तो वैसे ही भगवान के भरोसे हैं जबकि योगी सरकार लगातार गौ माता व गो वंशों की देखरेख के लिए रुपए दे रही है लेकिन जिम्मेदार सरकार के आदेशों की ही धज्जियां उड़ा रहे हैं और अपने मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं

# प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुहम्मद अशफाक राईन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है, इसलिए उसे राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाना चाहिए। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी मोहम्मद अशफाक राईन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में लिखा कि भारत में प्राचीन काल से ही गाय को विशेष सम्मान दिया जाता रहा है। देश के करोड़ों लोगों की आस्था गाय से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि गाय केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। दुग्ध उत्पादन के माध्यम से लाखों परिवारों की आजीविका गाय पर निर्भर है। इसके अलावा जैविक खेती में गोबर आदि उपयोग किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सकती है। देश में कई स्थानों पर गौवंश संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में गौवंश बेसहारा घूमता नजर आता है। यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो गौ संरक्षण को मजबूती मिलेगी और लोगों में भी इसके प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए।

### ममता पर पड़ी वासना भारी

# बीती रात पति पत्नी के अंतरंग क्षणों के बीच रो रही थी मासूम, पति हुआ नाराज तो माँ ने घोंट दिया अपनी ही बेटी का गला

### यह चोंका देने वाली घटना आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा की है

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन के आटा थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा में शनिवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पति–पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक महिला ने अपनी ही चार वर्षीय मासूम बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी राजकुमार मजदूरी करके परिवार का भरण–पोषण करता है परिवार में उसकी वृद्ध मां, पत्नी विनीता तथा तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था इसी के चलते गुरुवार की रात को उसकी पत्नी ने चार वर्षीय बच्ची की गला घोटकर हत्या कर दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची आटा थाना पुलिस



ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण इस घटना से स्तब्ध हैं और मासूम बच्ची की मौत को लेकर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा पूछताछ के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्य घर योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, डीएम ने बैंकों, विद्युत विभाग और वेंडर्स को दी समय के भीतर काम करने की चेतावनी

### -एक सप्ताह में लंबित आवेदन, नेट मीटरिंग और सोलर प्लांट स्थापना पूर्ण करने के निर्देश, 29 मई को होगी वर्चुअल समीक्षा बैठक



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने योजना के क्रियान्वयन में संबंधित बैंकों, विद्युत विभाग एवं वेंडर्स को तय समयसीमा में सभी लंबित कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि बैंक स्तर पर योजना के कुल 797 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने बैंकवार प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंड बैंक, आईडीबीआई बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र को निर्देश दिए कि तीन दिवस के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण कर उसकी सूचना लीड बैंक अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध कराई जाए। वेंडर्स द्वारा नेट मीटरिंग में हो रही देरी की समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि 168 लंबित उपभोक्ताओं की नेट मीटरिंग की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से मिलना चाहिए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त किया जाएगा।जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया कि 29 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित कर बैंक शाखा प्रबंधकों एवं विद्युत विभाग के लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही प्रत्येक विकासखंड के एक ग्राम एवं प्रत्येक नगर क्षेत्र के एक वार्ड को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संतृप्त करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए वेंडर्स को क्षेत्रवार जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। वेंडर्स स्तर पर 119 उपभोक्ताओं के सोलर प्लांट स्थापना कार्य लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित सोलर प्लांट एक सप्ताह के भीतर स्थापित किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऋण स्वीकृत होने के तीन दिवस के भीतर उपभोक्ता के घर पर सोलर प्लांट स्थापित होना चाहिए, अन्यथा संबंधित वेंडर्स के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम एवं द्वितीय, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं क्रेडिट इंचार्ज तथा यूपीनेडा के पंजीकृत वेंडर्स उपस्थित रहे।

# मोदी-योगी दलितों के विकास का स्वर्णिम काल - डा. निर्मल

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** मोदी–योगी युग दलितों के विकास का स्वर्णिम काल है। उक्त बात आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सभापति दैवीय आपदा प्रबंधन एवं जांच समिति डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने कही।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। विशेष रूप से दलित, पिछड़े एवं गरीब परिवारों के उत्थान के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दलित समाज को सम्मान, सुरक्षा और विकास के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। डा. निर्मल ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आवास, शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड तथा रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने केवल दलितों का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है।पत्रकार वार्ता के दौरान विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जिला पुरुष अस्पताल में ठेकेदार की खुली लूट

### सरकारी पर्चा एक रुपए का, बाइक स्टैंड किराया दस रुपए

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिला पुरुष अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों से पार्किंग शुल्क के नाम पर खुली वसूली का मामला सामने आया है। जहां एक ओर सरकार गरीबों को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर अस्पताल परिसर में ठेकेदार मनमानी पर उतारू हैं।

अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को जहां सरकारी पर्चा मात्र एक रुपए में उपलब्ध कराया जाता है, वहीं बाइक स्टैंड पर वाहन खड़ा करने के एवज में दस रुपए वसूले जा रहे हैं। इससे मरीजों और तीमारदारों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में अधिकांश मरीज गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में पार्किंग के नाम पर अधिक शुल्क वसूलना उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि स्टैंड संचालक द्वारा निर्धारित दरों की जानकारी भी स्पष्ट रूप से नहीं लगाई गई है। मरीजों के परिजनों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर पार्किंग शुल्क में पारदर्शिता लाने की मांग की है। उनका कहना है कि अस्पताल जैसी जगह पर ठेकेदारों द्वारा मनमानी वसूली पर रोक लगनी चाहिए, ताकि गरीब मरीजों को राहत मिल सके। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पार्किंग व्यवस्था ठेके पर संचालित की जाती है। यदि निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बरार समाज को आवास योजना से जोड़ने की जरूरत, प्रशासन को दिए निर्देश - डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल

### -आवासीय स्थिति का किया निरीक्षण, योजनाओं का लाभ दिलाने पर दिया जोर



( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन।** जनपद के दो दिवसीय दौरे पर आए डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने शुक्रवार को तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम जलालपुर चिरगुंवा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के बरार (कठेरिया) समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवासीय स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को शत–प्रतिशत धरातल पर उतारने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। हालांकि जनपद जालौन में धानुक एवं बरार समाज के लोगों पर अभी और विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बरार समाज के पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से शत–प्रतिशत जोड़ा जाना जरूरी है। इसके लिए जिला प्रशासन जालौन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में अम्बेडकर महासभा जनपद जालौन के पंकज सहाय, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, ग्राम सचिव साधना राठौर, ग्राम प्रधान तारा देवी, पुनीत गौतम इटौरा, करन बरार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नसीरपुर में शराब का ठेका न खोलें जाने की बात को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन के चुर्खी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नसीरपुर में शराब का ठेका खोले जाने की सूचना पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शुक्रवार को ग्राम नसीरपुर के देवेन्द्र दाऊ, राम खिलावन, रामरतन, बड़ी बहू, दीपिका, कुसुम देवी, अन्नपूर्णा, गोरन सिंह, वीर सिंह, रामू पट्टीदार, महाराज सिंह आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए गांव में शराब ठेका न खोले जाने की मांग की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब का ठेका खुलने से सामाजिक माहौल खराब होगा तथा युवाओं पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं ने भी विरोध जताते हुए कहा कि शराब बिक्री शुरू होने से गांव में आए दिन विवाद, मारपीट और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गांव की आबादी के बीच शराब ठेका खोलने की अनुमति न दी जाए। यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# वृद्ध महिला ने धोखाधड़ी व मारपीट के मामले में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शहर के मुहल्ला लहारियापुरवा निवासी 58 वर्षीय वृद्ध महिला ऊषा देवी पत्नी स्वर्गीय किशोर सोनी ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।



पीड़िता ने बताया कि उनका एक पुत्र निर्दोष सोनी है, जो शराब की लत का शिकार है। आरोप है कि इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए उनके दामाद ने पहले उनके पुत्र को अजनारी रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवा दिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी एवं मारपीट की घटनाएं भी की गईं। वृद्ध महिला ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया

# जनगणना-2027 का महाभियान तेज, जालौन में 20 हजार से अधिक नागरिकों ने की स्वगणना

### कलेक्ट्रेट से लेकर पूरे जनपद दिखा जनभागीदारी का उत्साह, अब घर-घर पहुंचेगी सरकारी टीम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में जनगणना–2027 के अंतर्गत चल रहे स्वगणना महाभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर एवं मोहल्ला सुशील नगर से प्रारंभ किए गए इस विशेष अभियान में अब तक 20 हजार से अधिक नागरिक स्वेच्छा से सहभागिता करते हुए अपनी स्वगणना पूर्ण कर चुके हैं। जनपदवासियों में अभियान को लेकर उत्साह एवं जागरूकता का वातावरण देखने को मिल रहा है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संचालित इस महाभियान का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं जनसहभागिता आधारित बनाना है। अभियान के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी पारिवारिक एवं सामाजिक जानकारी दर्ज कर रहे हैं, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं के लिए सशक्त आंकड़े उपलब्ध हो सकें। अभियान के अगले चरण में अब विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी एवं गणनाकर्मी घर–घर जाकर लोगों की जानकारी एकत्रित करेंगे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि जनगणना कार्य में सहयोग करें और घर पहुंचने वाली टीम को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की मजबूत नींव है।

# डीएम-एसपी के आश्वासन पर खत्म हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

### मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं बहाल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में पिछले दो दिनों से चल रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच हुए विवाद के बाद शुरू हुए इस घटनाक्रम का समाधान प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद निकल आया। हड़ताल समाप्त होने के बाद मेडिकल कॉलेज की ओपीडी, इमरजेंसी और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं दोबारा सुचारु रूप से संचालित होने लगी हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। डॉक्टरों ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग रखी। प्रशासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने का आश्वासन मिलने के बाद डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार समाप्त कर दिया।हड़ताल खत्म होने से मरीजों और उनके परिजनों ने राहत महसूस की। पिछले दो दिनों से ओपीडी सेवाएं प्रभावित होने के कारण बड़ी संख्या में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सेवाएं बहाल होने के बाद मेडिकल कॉलेज में मरीजों की आवाजाही फिर से सामान्य हो गई।इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सीएमएस समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार अब अस्पताल का माहौल सामान्य है और सभी स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं।

# विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## दूसरे दिन डीएम,एसपी ने टॉस कर मैच का किया शुभारंभ





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एमएसडी महाविद्यालय तीतरा ग्राउंड में फ्लड लाइट के बीच विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित कराए जा रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार की रात डीएम और एसपी ने बतौर अतिथि टॉस कराते हुए मैच का शुभारंभ कराया। क्रिकेट ग्राउंड के ठीक सामने बनाए गए मंच पर डीएम राजेश कुमार पांडेय एवं एसपी विनय कुमार सिंह का आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन महतवानी के नेतृत्व में सदस्यों ने फूलमाला और पट्टिका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डीएम एवं एसपी ने इलेवन वारियर्स टीम उरई और रेनवो क्लब टीम झांसी के मध्य खेले गए क्रिकेट मैच का आनंद लिया। डीएम एवं एसपी ने ग्रामीण युवाओं के प्रोत्साहन हेतु आयोजित इस टूर्नामेंट के तहत ग्राउंड की सुंदरता से लेकर रोशनी हेतु फ्लड लाइट्स सहित अन्य सारी उच्चस्तरीय व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए विधायक सहित आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट जैसे जुनूनी खेल के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा ।न यही युवा भविष्य में प्रदेश और देश की टीम का हिस्सा बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलकूद से ही स्वस्थ और मजबूत शरीर की संरचना संभव है। विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के युवाओं की आवाज पर इस प्रकार के आयोजन वह क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी भविष्य में कराएंगे। संचालन प्रदीप मास्टर धनौरा एवं विकास पटेल ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आशु निरंजन ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसडीएम हेमंत कुमार पटेल, सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, अरविंद निरंजन मुनिया, शिवप्रसाद निरंजन, प्रधान प्रेमप्रकाश लौना, लालजी पटेल चांदनी सहित हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# बांस शिल्पकार समाज सम्मेलन में समाज के विकास को लेकर उठीं प्रमुख मांगें

### -मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी समाज की मांगें

( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन** । मिशन बुंदेलखंड सामाजिक एकता के तत्वावधान में शुक्रवार को राधा पैलेस में बांस शिल्पकार समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन बुंदेलखंड सामाजिक एकता के संस्थापक करन बरार अटरिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता ई. प्रदीप बरार, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय बसोर समाज विकास समिति उत्तर प्रदेश ने समाज के उत्थान से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं। उन्होंने बांस विकास बोर्ड गठन, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जालौन में पुन: लाभ दिलाने, आवास सर्वे में बसोर समाज की संख्या शून्य दर्शाने वाले अधिकारियों की जांच कराने, उरई में बरार समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने और समाज को राजनीतिक भागीदारी दिए जाने की मांग उठाई। मुख्य अतिथि डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि समाज की मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी ने बरार समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में समिति की ओर से अतिथियों को महापुरुषों के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी मुकेश बरार, व्यवस्थापक रामबाबू जोशीला बरार मौजूद रहे। इस अवसर पर भगवान सिंह बरार, भानू बरार,धर्मेंद्र बरार, आजाद बरार, रविकांत,मुखिया बरार, कैलाश फ़ौजी, किशोरी, पुनीत गौतम, प्रशांत, महेश बरार, संजय बरार, रमेश अकोड़ी, दीपेंद्र प्रधान जलालपुर, दुलीचंद्र बरार छौक, जितेंद्र धनतौली, वकील बरार छानी, रमेश बरार मिनौरा,हरदास बरार, भानू बरार, रामवती बरार अकोढी सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# झोपड़ी के बाहर मिट्टी में खेल रहे बच्चे के पास जमीन पर बैठ गए एसडीएम, अभिभावक से बच्चे को पढ़ने भेजने के लिए कहा



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल का एक संवेदनशील और मानवीय रूप उस वक्त देखने को मिला जब वह ग्राम भेंड़ की गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के बाद जब वह गोशाला से बाहर निकले तो पास ही एक झोपड़पट्टी के बाहर करीब सात वर्षीय मासूम बच्चे को मिट्टी में खेलते देखा। बच्चे को देखकर एसडीएम खुद उसके पास पहुंचे और जमीन पर बैठकर उससे बड़े अपनत्व और स्नेह के साथ बातचीत करने लगे। एसडीएम ने बच्चे से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम वंश बताया। बातचीत के दौरान एसडीएम ने उससे स्कूल जाने के बारे में पूछा, जिस पर बच्चे ने मासूमियत से बताया कि वह और उसकी बहन स्कूल नहीं जाते हैं। यह सुनकर एसडीएम ने तुरंत बच्चों के माता-पिता को पास बुलाया और उन्हें बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि शासन द्वारा बच्चों को नि:शुल्क ड्रेस, स्टेशनरी और पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने समझाया कि शिक्षा ही बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव है और यही बच्चे आगे चलकर समाज और देश का भविष्य बनेंगे। इसलिए उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजा जाए ।एसडीएम का यह आत्मीय व्यवहार और बच्चों के प्रति चिंता देखकर आसपास मौजूद ग्रामीण भी भावुक हो उठे। निरीक्षण के बीच सामने आया यह मानवीय दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना गया।

# गर्मी में भूगर्भ जलस्तर तथा यमुना के जल स्तर में गिरावट

### -जल संकट पर जागरूकता जरूरी - अशोक



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** भीषण गर्मी के मौसम में भूजल स्तर नीचे खिसकता जा रहा है। नदियां और तालाब सूख रहे हैं। यमुना नदी का जलस्तर गिर कर 94 मीटर पर पहुंच गया है। जबकि भूजल स्तर गिरने से नलकूपों में विभाग को एक-एक पाइप बढ़ाना पड़ा है। समझा जाता है कि यदि समय रहते जल संरक्षण को लेकर गंभीर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

मालूम हो के लगातार जलस्तर गिरने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही थी। जल संस्थान कालपी के द्वारा विभागीय नलकूपों में एक - एक पाइप को बढ़ा दिया गया है। फलस्वरूप नलकूपों से पेयजल की आपूर्ति ठीक हो सकी है। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण बोर्ड जल आयोग कालपी कार्यालय के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कालपी में यमुना का जलस्तर शुक्रवार को 94.43 मीटर पर दर्ज किया गया है। जबकि गर्मी के कारण जलस्तर 94.22 मीटर पर पहुंच चुका है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव अशोक वाजपेई ने बताते हैं कि जल ही जीवन का आधार है, लेकिन आज सबसे अधिक दुरुपयोग इसी प्राकृतिक संसाधन का हो रहा है। घरों में पानी की बर्बादी, खेतों में अत्यधिक दोहन, वर्षा जल का संरक्षण न होना और जल स्रोतों पर बढ़ता अतिक्रमण संकट को और बढ़ा रहा है। उनका कहना है कि केवल सरकार के प्रयासों से समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए आम लोगों की भागीदारी सबसे जरूरी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में पानी बचाने की आदत अपनाए, तो बड़ी मात्रा में जल संरक्षण किया जा सकता है। जैसे— बेवजह नल खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन करना, घरों में रिसाव ठीक कराना और पेड़-पौधों का संरक्षण करना छोटे लेकिन प्रभावी कदम हैं।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए तीन मैच

### देर रात तक ग्राउंड में डटे रहे क्रिकेट प्रेमी

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार की रात में तीन मैच खेले गए। पहला मैच शाइनिंग इंडिया मेरठ और सागर स्पोर्ट्स उरई की टीमों के मध्य खेला गया। शाइनिंग इंडिया टीम के कप्तान शाहनवाज खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 51 रन बनाए। कप्तान अभिनव पटेल की अगुवाई में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सागर स्पोर्ट्स टीम 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 45 रन ही बना सकी और हार का सामना करना पड़ा। शाइनिंग इंडिया टीम के कप्तान शाहनवाज खांन ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया।4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। 2 विकेट लेने पर सागर स्पोर्ट्स टीम के गेंदबाज शोएब अख्तर को मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीनों मैचों के मेन ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ियों को शील्ड और पांच-पांच सौ रुपए का नकद इनाम प्रदान किया गया। अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी उन्नाव एवं शिशिर कुमार ने निभाई। कमेंट्री प्रदीप मास्टर धनौरा, विकास पटेल ने की। स्कोरर का दायित्व अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाया। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। पिच से लेकर मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में कमेटी के सदस्य आकाश निरंजन छानी, अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि संलग्न रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जालौन में किसान का शव पेड़ से लटका मिला, गांव में फैली सनसनी

( यंग भारत न्यूज )

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौही बुजुर्ग में एक किसान का शव खेत पर पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान ग्राम करौही बुजुर्ग निवासी भगवान सिंह (55) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार भगवान सिंह शुक्रवार सुबह करीब छह बजे रोज की तरह खेत जाने के लिए घर से निकले थे। लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों ने उनका शव खेत पर एक पेड़ से साफी के फंदे पर लटका देखा। मृतक के बेटे आशु ने बताया कि पिता के खेत जाने के कुछ समय बाद फांसी लगाने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, जहां भगवान सिंह मृत अवस्था में मिले। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सुमन, बेटे आशु व धर्म कुमार तथा दोनों बेटियां गहरे सदमे में हैं। डकोर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कालपी में यमुना के पुराने पुल पर सुदृढ़ीकरण तथा मरम्मतीकरण का कार्य प्रारम्भ

### 60 दिनों तक हाइवे रोड में वाहनों यातायात के लिये अधिकारियों ने कराया डायवर्जन

( यंग भारत न्यूज )





**कालपी-उरई।** शुक्रवार को इंजीनियरों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में कालपी स्थित यमुना नदी के पुराने पुल का सुदृढ़ीकरण तथा मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम मनोज कुमार सिंह तथा कार्यदाई संस्था के द्वारा वैकल्पिक डायवर्जन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करा दिया गया है। एसडीएम ने कार्यदाई संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से साइट में कहा कि यमुना नदी पुल की मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी स्थिति में आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए तथा भारी वाहनों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रोजेक्ट हेड उत्तम सिंह ने बताया कि यमुना नदी के पुल के मरम्मतीकरण से वाहनों का आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुचारु होगा। प्राधिकरण की पेट्रोलिंग टीम प्रभारी इंगलेश शर्मा ने बताया कि छोटे बड़े वाहनों की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने रखने के लिये अलग-अलग शिफ्ट में 12 कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि 2 महीने के अंदर यमुना नदी के पुल के मरम्मतीकरण का काम पूरा हो जाएगा। इस दौरान हाईवे की सुरक्षा इंचार्ज इरफान खान, श्याम जी चंदेल तथा प्राधिकरण के कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# 20 क्वार्टर देसी नाजायज शराब सहित युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना चुर्खी अंतर्गत ग्राम छोटी नादई में अवैध शराब समेत युवक को पुलिस टीम के द्वारा पकड़ कर चालान किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनांक 20.05.2026 को उपनिरीक्षक जवाहर सिंह व सिपाही विवेक कुमार, होमगार्ड शोभा सिंह ग्राम चुर्खी से बम्होरा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम छोटी नादई के तिराहा से पहले रोड किनारे खंडहर मकान के सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति प्लास्टिक के झोला में कुछ लिए आ रहा था। पुलिस टीम ने दविश देकर घेर कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपी व्यक्ति ने अपना नाम राम बहादुर सिंह निवासी ग्राम छोटी नादई बताया ।जामा तलाशी से दाहिने हाथ में पकड़े गए प्लास्टिक के झोले को खोलकर देखा तो उसमें देसी शराब के 20 क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के अंतर्गत चालान करके जेल भेज दिया।

# मजदूरी की पैसे मांगने गए मिस्त्री को पीटने के मामले में नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर में एक व्यक्ति अपनी मजदूरी को अपनी मजदूरी मांगना भारी पड़ गया मजदूरी मांगने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा व भगा दिया। उक्त प्रकरण को लेकर वादी ने नामजदों के खिलाफ कोतवाली कालपी में अभियोग दर्ज कराया गया है। उक्त मामले में पीड़ित वादी जुनैद खान पुत्र रज्जाक खान निवासी महमूदपुरा कालपी ने आरोप लगाया है कि दिनांक 19 मार्च 2026 को समय करीब 11 बजे दिन में प्रार्थी अपने रुपए 6280 जो ट्रक के सुधारने के लेने थे। वह अपने रुपए मांगने के लिए आरोपी तौसीफ की दुकान गया। जो आलमपुर बाईपास में तभी आरोपीगणों रईस खान , तौसीफ खान, भूरा खान इरफान खान, मुन्ना खान निवासीगण मोहल्ला राजेपुरा राम चबूतरा ने मुड़िया गुंबद में स्थित उनकी दुकान पर प्रार्थी अपने रुपए मांगने गया तो आरोपियों ने एक राय होकर लाठी, डंडे व लोहे की रोड से मारना शुरू कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तथा उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र को बिबेचना सौंपी गई है। इतना मारा की अधमरा कर दिया। अयाज पुत्र रज्जाक खान महमूदपुर कालपी बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह लहूलुहान कर दिया और बोले कि साले अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे आरोपियों का आपराधिक इतिहास है तथा रईस खान मर्डर केस में सजा आपता है अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है।

# गोशाला में मिली अनियमितताएं, नाराज एसडीएम ने सचिव को किया तलब

### किसानो की शिकायत पर अचानक भेंड़ गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार गोशालाओं की हालत ठीक नहीं है ।नदीगांव विकास खंड के ग्राम भेंड़ की गोशाला में भारी अव्यवस्थाएं मिलने पर एसडीएम हेमंत पटेल ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सचिव गंधर्व सिंह को तलब कर लिया। किसानों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम को गोशाला में न चारा-चोखर मिला और न ही भीषण गर्मी व लू-लपट से बचाव के लिए कोई इंतजाम। एसडीएम ग्राम भेंड़ में किसानों द्वारा लगाए गए जाम को खुलवाने पहुंचे थे। जाम खुलने के बाद ग्रामीणों ने उनसे गांव की गोशाला की स्थिति देखने का आग्रह किया जिस पर वे सीधे गोशाला पहुंच गए।

निरीक्षण के दौरान गोशाला में स्थित पानी के हौद में गंदगी की भरमार मिली। वहीं गोवंश टिनशेड के नीचे खड़े दिखाई दिए, लेकिन उन्हें लू और गर्मी से बचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं मिली। गोवंश के लिए केवल सूखा भूसा रखा मिला, जबकि हरा चारा और चोकर कहीं दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गोशाला में गोवंशों को नियमित रूप से केवल सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दो दिन पहले तक गोशाला में भूसा तक उपलब्ध नहीं था, जिससे गोवंश भूखे रहे। गोशाला की केयरटेकर प्रियंका ने बताया कि एक-दो दिन से बिजली सप्लाई खराब होने के कारण पानी नहीं बदला जा सका। इस पर एसडीएम ने बिजली विभाग के एसडीओ को तत्काल सप्लाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। गोशाला की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने बीडीओ नदीगांव को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए और सचिव को कार्यालय में तलब किया। एसडीएम ने बताया कि गोशाला में मिली खामियों को लेकर बीडीओ को निर्देशित किया गया है जल्द ही गोशाला का निरीक्षण कर वहां की खामियों को दुरुस्त कराया जाए।

# 60 गज के मदरसे में 5500 छात्र दिखाकर ली छात्रवृत्ति

## डीएम के फर्जी हस्ताक्षरों से सरकारी जमीन की वक्फ बोर्ड के नाम

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रुहेल आजम के निलंबन के पीछे तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शेषनाथ पांडेय का किया हुआ भ्रष्टाचार है। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा के सीओ जितेंद्र कालरा कर रहे हैं।

शेषनाथ पांडेय ने घोसीपुर गांव में स्थित करोड़ों की सरकारी भूमि को अन्य अधिकारियों से मिलकर तत्कालीन डीएम बी. चंद्रकला के फर्जी हस्ताक्षर कर वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया था। यही नहीं, उस समय कई मदरसों को मान्यता देने और महिला छात्रावास बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया था। यह सब जांच में साबित हो चुका है। इसी कारण तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शेषनाथ पांडेय को भाजपा सरकार आने के बाद पहले निलंबित किया गया और फिर बर्खास्त कर दिया गया। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि इस मामले की उन्होंने शासन से शिकायत की थी। जांच टीम गठित हुई और जांच में सामने आया कि तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी




और सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ शेषनाथ पांडेय, तहसीलदार ओपी दुबे, कानूनगो नेतराम, एसडीएम चंद्र प्रकाश सिंह, तहसीलदार रमेश चंद्र यादव ने घोसीपुरा में स्थित दो बीघा, सात बिस्सा, छह बिस्वांसी जमीन को पहले पीर मेला के नाम चढ़ाया। इसके बाद सहायक सर्वे आयुक्त ने खुद ही डीएम के कृते करके फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन को वक्फ बोर्ड के नाम चढ़ा दिया। जांच में यह साबित होने के बाद उपरोक्त सभी तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ देहली गेट थाने में तत्कालीन तहसीलदार भगत सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। हैरत की बात यह है कि सपा शासन में 2016 में मुकदमा दर्ज हुआ और सरकार के दबाव में 2016 में ही मुकदमे में एफआर लगा दी गई। इस मुकदमे में कोई कार्रवाई नहीं हुई ।विनोद कुमार का दावा है कि घोसीपुरा की जमीन की उस समय करोड़ों में कीमत थी। जिसे मुस्लिम लोगों से पैसा लेकर शेषनाथ पांडेय ने वक्फ के नाम करके मुस्लिमों को कब्जा दे दिया था। जब यह जांच पूरी होगी तो 100 करोड़ से भी अधिक का घोटाला पकड़ा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई समुदाय के छात्रों को लाभ न देकर केवल मुस्लिम छात्र-छात्राओं को लाभ दिया। बाकी धर्म के विद्यार्थियों का पैसा गायब कर दिया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रहते हुए शेषनाथ पांडेय ने 60 से अधिक मदरसों की मान्यता दी। बाद में पाया गया कि मदरसे केवल आठ से 10 ही चलते मिले ।किठौर का एक मदरसा मात्र 60 वर्ग गज में बना था और उस मदरसे में 5500 छात्र पढ़ते हुए दिखाए गए और उनकी छात्रवृत्ति दी जाती थी। यहां भी फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। जिस जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रुहेल आजम को बुधवार को शासन स्तर से निलंबित किया गया है। उनके कार्यालय में उपरोक्त सभी घोटालों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध थे, लेकिन उन्होंने शेषनाथ पांडेय को बचाने के चक्कर में यह दस्तावेज चोरी होना दिखाए। बाद में मजिस्ट्रेट ने छापा मारा तो सभी दस्तावेज पांच बाक्स में कार्यालय में ही मिल गए. इन्होंने कहा अभी तक की जांच में तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शेषनाथ पांडेय भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। हमने कई बार वर्तमान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से दस्तावेज मांगे, लेकिन उन्होंने चोरी होना बताया। एफआइआर की कापी मांगी तो वह भी नहीं दी। जिसके हमने शासन को पत्र लिखा और उनके कार्यालय पर छापा मारा गया। दस्तावेज बरामद हो गए। कहीं न कहीं वर्तमान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की भी मिलीभगत रही।

# बंगाल में पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाना पड़ा भारी! दुकानदार को मिली जान से मारने की धमकी, दहशत में पूरा परिवार

( यंग भारत न्यूज )

बंगाल के झाड़ग्राम ज़िले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहाँ, एक स्थानीय दुकानदार – जिसने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने हाथों से बनी 'झालमुड़ी' खिलाई थी – को अब अंतरराष्ट्रीय फ़ोन नंबरों से जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। जिस लोकप्रियता ने इस दुकानदार



को रातों-रात सोशल मीडिया पर मशहूर कर दिया था, वही अब उसके और उसके पूरे परिवार के लिए दहशत का सबब बन गई है।

यह घटना 19 अप्रैल की है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए झाड़ग्राम पहुँचे थे। रैली खत्म होने के बाद, जब पीएम मोदी का क़ाफ़िला वहाँ से निकल रहा था, तो वे अचानक सड़क किनारे 'झालमुड़ी' बेचने वाले बिक्रम साऊ के ठेले पर रुक गए। पीएम मोदी ने बिक्रम के हाथों बनी झालमुड़ी बड़े चाव से खाई और उनसे बातचीत भी की। इस बातचीत के बाद, बिक्रम की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो गए, और लगभग रातों-रात, लोग बड़ी संख्या में उनके ठेले पर जुटने लगे। बिक्रम साऊ का आरोप है कि लोकप्रियता में अचानक हुई इस बढ़ोतरी ने अब उनके और उनके परिवार के लिए डर का माहौल पैदा कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से, उन्हें अपने मोबाइल फ़ोन पर पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय नंबरों से लगातार फ़ोन कॉल और व्हाटसएप वीडियो कॉल आ रहे हैं। परेशान दुकानदार का दावा है कि इन कॉल में उन्हें और उनके परिवार को सीधे तौर पर गंभीर अंजाम भुगतने और जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। घटनाओं के इस मोड़ ने बिक्रम साऊ और उनके परिवार को गहरे डर और चिंता में डाल दिया है। पुलिस प्रशासन को इस बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। शिकायत मिलने के बाद, पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है। अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आ रहे इन धमकी भरे कॉल ने स्थानीय समुदाय में भी चिंता और अशांति का माहौल पैदा कर दिया है।

# नवविवाहिता ने जिस रात सुहागरात मनाई, उसी रात दिया बच्ची को जन्म, पूरा गाँव देखता रह गया

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुर।** प्रदेश के रामपुर जिले से एक अनोखा मामला सामने आया है. जहां शादी की रात ही नई नवेली दुल्हन ने एक बच्ची को जन्म दिया है. जिससे पूरे गांव में त्योहार जैसा माहौल है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुम्हरिया गांव के रहने वाले रिजवान का निकाह पास के गांव की युवती से शनिवार को निकाह हुआ था. लेकिन बेटी के जन्म से अब खुशियों में चार चांद लग गए हैं. चलिए तो जानते हैं आखिर पूरा मामला क्या है ?



दरअसल, कुम्हरिया गांव का रिजवान निकाह कर के अपनी दुल्हन (ह्द्2द्य42द्स्र क्र्ह्द्धस्त्रद्ग) को घर लाया था. लेकिन रात करीब 12 बजे अचानक तेज पेट दर्द होने लगा. परिवार ने घबराहट में डॉक्टर को घर पर बुलाया. शुरूआत में तो ससुराल वालों को थकान या कमजोरी लगी. लेकिन जब दर्द ज्यादा बढ़ा तो घर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया. परिवार वालों ने आनन-फानन में पास से ही एक महिला डॉक्टर को जांच के लिए बुलाया. लेकिन परिवार तब हैरान रह गया, डॉक्टर ने बताया की दुल्हन को प्रसव पीड़ा का दर्द है. ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। फिर सुबह तक नई नवेली दुल्हनियां ने एक बेटी को जन्म दिया. बच्ची की आवाज से घर में चारों-तरफ रौनक फैल गई. अब शादी की रात ही दुल्हन के मां बनने की खबर पूरे गांव में फैली हुई है. नवविवाहिता और नवजात को देखने के लिए आस-पड़ोस के लोग घर पहुंचने लगे. गांव की महिलाओं ने मंगल गीतों से माहौल को खुशनुमा बना दिया और पूरा गांव जश्न में डूबा नजर आया. इस खुशी के पल में दूल्हा भी पिता बनने की खुशी से झूम उठा और उसने गांव में सभी को मिठाई बांटी. परिजनों ने बताया कि मां और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं.पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों में पहले से आपसी सहमति थी और शादी भी रजामंदी से हुई है. इस मामले में किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की गई है.

# सहारनपुर के दारुल उलूम परिसर के नीचे शिव मंदिर! हिंदू रक्षा दल का दावा, बोले- नहीं मिला तो फांसी दे देना

( यंग भारत न्यूज )


**सहारनपुर।** प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित दारुल उलूम देवबंद को लेकर नया विवाद सामने आया है. हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि दारुल उलूम परिसर की मस्जिद के नीचे प्राचीन शिव मंदिर मौजूद है.इस मांग को लेकर गुरुवार को संगठन के



पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है. हिंदू रक्षा दल के उत्तराखंड प्रदेशाध्यक्ष ललित शर्मा ने दावा किया कि दारुल उलूम परिसर में करीब 14 फीट नीचे प्राचीन शिव मंदिर और शिवलिंग मौजूद हैं.उन्होंने प्रशासन से पूरे परिसर की वैज्ञानिक जांच और खुदाई कराने की मांग की है.ललित शर्मा ने कहा कि उन्हें स्थानीय लोगों और अन्य स्रोतों से इस संबंध में जानकारी मिली है. प्रदर्शन के दौरान ललित शर्मा ने कहा, 'अगर खुदाई में मंदिर नहीं मिलता तो मुझे फांसी दे दी जाए.' उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है और प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए.संगठन ने मांग की कि यदि जांच में किसी मंदिर या हिंदू धार्मिक अवशेष के प्रमाण मिलते हैं तो उन्हें संरक्षित किया जाए और संबंधित कानूनी कार्रवाई की जाए. कार्यकर्ताओं ने सहारनपुर डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया.इस दौरान संगठन के सदस्यों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वैज्ञानिक सर्वे कराया जाना चाहिए.हिंदू रक्षा दल ने यह भी कहा कि यदि जांच में मंदिर के अवशेष मिलते हैं तो अदालत में जनहित याचिका दाखिल की जाएगी और सरकार से मंदिर को 'मुक्त कराने' की मांग की जाएगी. गौरतलब है कि देवबंद स्थित दारुल उलूम देश के प्रमुख इस्लामिक शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है.इसकी स्थापना वर्ष 1866 में हुई थी और यह धार्मिक शिक्षा तथा फतवों को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है.अब परिसर के नीचे मंदिर होने के दावे के बाद यह मामला राजनीतिक और सामाजिक चर्चाओं का केंद्र बन गया है. प्रदर्शन के दौरान ललित शर्मा ने इकरा हसन और समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा.उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में एक मामले में इकरा हसन केवल राजनीति करने के उद्देश्य से पहुंची थीं. साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जातीय और सामाजिक विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया. ललित शर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी अलग-अलग समुदायों के बीच तनाव पैदा कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी 2027 के चुनाव को जातीय संघर्ष के सहारे जीतना चाहती है. वहीं, इस पूरे मामले पर प्रशासन या दारुल उलूम की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

# मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्स का अपहरण कर हत्या, धर्मांतरण और शादी करवाना चाहता था आरोपी

( यंग भारत न्यूज )




**मेरठ।** मेरठ में मेडिकल कॉलेज की संविदा नर्स की फंदे से गला दबाकर हत्या कर दी गई। वारदात को पूर्व सहकर्मी सूफियान ने लोहियानगर के आवास पर अंजाम दिया और फरार हो गया। इसके बाद आरोपी की बहन ने अपने भाई की मदद की। बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार नर्स पर धर्मांतरण और शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। नर्स के न मानने पर उसने हत्या कर दी। लाश को सूफियान की बहन ने मेडिकल कॉलेज में फेंका और फरार हो गई। पुलिस की दो टीमों को कार्रवाई के लिए लगाया गया, जिसके बाद हत्यारोपी की बहन को गिरफ्तार किया गया है। देर रात हत्यारोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में मिली जानकारी के अनुसार जागृति विहार निवासी अंजली शर्मा मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्स थी। पूर्व में इनके साथ सूफियान निवासी खुशहालनगर लिसाड़ी गेट काम करता था। सूफियान लगातार अंजली को परेशान कर रहा था और शादी कर धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहा था। हालांकि अंजली ने साफ कह दिया था कि वह शादीशुदा है। अंजली गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर से मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के लिए निकली थी। इसी दौरान सूफियान ने अंजली का अपहरण कर लिया और उसे लोहियानगर एल-ब्लॉक वाले अपने मकान पर ले गया। यहां अंजली पर दोबारा दबाव बनाया और मना करने पर किसी रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। सूफियान ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए अपनी बहन साजिदा को बुलाया। एक ई-रिक्शा में अंजली की लाश को डालकर साजिदा मेडिकल कॉलेज पहुंच गई। ई-रिक्शा वाले को बताया कि अंजली की तबीयत खराब है और अस्पताल लेकर जाना है। साजिदा मेडिकल कॉलेज में अंजली की लाश दोपहर एक बजे छोड़कर फरार हो गई। अंजली की पहचान के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। अंजली के भाई प्रदीप मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहचान कर पहले साजिदा को गिरफ्तार किया। उसी ने पूरा घटनाक्रम बताया। देर रात पुलिस ने सूफियान को भी दबोच लिया। एसपी सिटी मेरठ, विनायक गोपाल भोसले ने इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अंजली नाम की महिला के साथ ही अस्पताल में पूर्व में सूफियान काम करता था। सूफियान लगातार अंजली पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन अंजली ने इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर सूफियान ने अंजली की हत्या कर दी। आरोपी और उसकी बहन पर हत्या का मुकदमा दर्ज कया गया है और गिरफ्तारी कर ली गई है।

# देवर के लव मैरिज पर भाभी कुर्बान, देवरानी के पिता ने गोलियों से भून दिया; बिस्तर बदलने से बची सास

( यंग भारत न्यूज )

**मुजफ्फरनगर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक महिला को देवर के लव मैरिज की कीमत अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। जिले के साहेबगंज थाना गौड़ा गांव में बीती रात लगभग 12 बजे घर में घुसकर मीना देवी, 35 वर्ष को गोलियों से भून दिया पुलिस ने इस हत्याकांड के आरोपित रंजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया है जो उसी गांव का रहने वाला है। इस वारदात में बिस्तर बदलने से मृतका की सास बाल-बाल बच गई। पुलिस कांड की छानबीन में जुट गई है। गांव के लोगों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इस जघन्य हत्याकांड की वजह लव मैरिज है। बताया जा रहा है कि मीना देवी के देवर सुधीर पासवान का आरोपी रंजीत पासवान की बेटी के साथ अफेयर चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन, रंजीत उनकी शादी के लिए तैयार नहीं था। जब वह इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं हुआ तो सुधीर उसकी बेटी को साथ लेकर फरार हो गया। दोनों ने घर के बाहर ही चुवके से शादी कर ली। इसको लेकर रंजीत गुस्से में था। उसने सुधीर की हत्या की धमकी दिया था लेकिन, शादी के बाद सुधीर घर छोड़कर किसी गुप्त जगह पर रह रहा था। इधर रंजीत प्रतिशोध की आग में जल रहा था। वह दोनों के घर लौटने का इंतजार कर रहा था। इसी बीच रंजीत पासवान ने अपने दामाद के पिता और माता की हत्या का प्लान बना लिया। बेटी को भगाने के प्रतिशोध में सुधीर के माता-पिता की हत्या की नीयत से गुरुवार की रात पिस्टल लेकर घुसा था।

# 'जन्नत जाने के लिए हिंदू महिला को बनाना होगा मुसलमान': दिल्ली के बटला हाउस फहीम ने 'साहिल' बन किया दलित युवती का बलात्कार

( यंग भारत न्यूज )

लड़की ने ये भी बताया है कि आरोपित का परिवार उसे डराने के लिए उसे खून से सराबोर मीट लाकर देते थे, उस पर जानवरों का मांस फेंका जाता था और उसे पकाने का दबाव दिया जाता था। दिल्ली के बटला हाउस इलाके में एक 23 वर्षीय दलित युवती के साथ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हालाँकि लड़की का कहना है कि आरोपित जेल से भी उसे धमकियाँ भेज रहे हैं।



पीड़िता के अनुसार साल 2021 में सोशल मीडिया पर उसकी मुलाकात 'साहिल' नाम के एक युवक से हुई थी। युवक ने खुद को एक अमीर हिंदू परिवार से बताया और शादी का झाँसा देकर उसे 2022 में बाटला हाउस बुलवा लिया। यहाँ लड़की को पता चला कि युवक का असली नाम साहिल नहीं, बल्कि फहीम है। बाटला हाउस में लड़की के साथ फहीम ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर गैंगरेप किया, उसकी वीडियो बनाई और बाद में उसी का इस्तेमाल करके वो उसे ब्लैकमेल करने लगे। लड़की को मेरठ ले जाया गया। फहीम ने उसे कहा- 'मैं अपने आपराधिक रिकॉर्ड की वजह से वह हज के लिए भारत से बाहर नहीं जा सकता, इसलिए मुझे जन्नत में जाने के लिए एक हिंदू महिला से निकाह करनी होगी और उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसे इस्लाम कबूल करवाना होगा।' इसके बाद उसका निकाह हुआ, उसका नाम आयशा रखा गया। धीरे-धीरे सामने आया कि फहीम का परिवार तो अवैध हथियारों की तस्करी धंधे से जुड़ा है। रिपोर्ट्स बताती है कि लड़की ने ये भी बताया है कि आरोपित का परिवार उसे डराने के लिए उसे खून से सराबोर मीट लाकर देते थे, उस पर जानवरों का मांस फेंका जाता था और उसे पकाने का दबाव दिया जाता था। इसके अलावा उसकी बेटी को छत से लटकाकर फेंकने की धमकी भी दी जाती थी। पीड़िता ने तस्लीम मौलवी नाम के एक अन्य आरोपित पर भी प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि वो इन सबसे तंग आकर आत्महत्या करने जा रही थी, लेकिन फिर किसी ने उसे रोककर उसका संपर्क एक एनजीओ से कराया। इसके बाद ही उसने मामले में शिकायत दी। जानकारी के मुताबिक, साल 2025 में मुख्य आरोपित फहीम को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसके पास से पीड़िता के अश्लील वीडियो वाला मोबाइल जब्त हुआ। हालाँकि, युवती का अब भी आरोप है कि फहीम ने उसे जेल के अंदर से भी उससे संपर्क किया और उसे दुबई के नंबर से जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। पुलिस ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए अपनी जाँच को शुरू कर दिया है।

# यूपी वालों की खुली किस्मत! दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर बनेगा एससीआर, इन 6 जिलों में जमीन के दाम आसमान छूने को तैयार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा प्रस्तावित स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) परियोजना को राज्य के चौमुखी विकास के लिए एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर बनने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के पाँच अन्य महत्वपूर्ण जिलों को मिलाकर एक बेहद विशाल और एकीकृत शहरी-आर्थिक क्षेत्र विकसित करने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस फैसले के बाद से ही इन सभी संबंधित क्षेत्रों के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



इस महापरियोजना में राजधानी लखनऊ के साथ-साथ सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली जिलों को पूरी तरह शामिल किया गया है। कुल मिलाकर यह पूरा क्षेत्र लगभग 26 हजार वर्ग किलोमीटर के एक बहुत बड़े दायरे में फैला होगा, जिसे बेहद सुनियोजित, हाईटेक और आधुनिक विकास मॉडल के रूप में तैयार किया जा रहा है। इन सभी पड़ोसी जिलों को आपस में जोड़कर एक ऐसा मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने की कोशिश है, जिससे आधुनिक शहरी सुविधाएँ सिर्फ राजधानी लखनऊ तक ही सीमित न रहकर आसपास के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक भी आसानी से पहुंच सकें। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के मास्टर प्लान के तहत लगभग 29 प्रमुख और बेहद बड़ी परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिन पर काम की रफ्तार तेज कर दी गई है। इन महापरियोजनाओं में अत्याधुनिक परिवहन, सुगम आवागमन, बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास, पर्यटन को बढ़ावा और विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स को शामिल किया गया है। इन सभी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद इन 6 जिलों का पूरा नक्शा बदलना तय माना जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, इस पूरी परियोजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार की जा रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एक हाई-लेवल बैठक में सभी संबंधित विभागों से जरूरी सुझाव लिए गए हैं और योजनाओं को अंतिम रूप देने पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार की कोशिश है कि इस पूरे रीजन में विकास कार्यों की रफ्तार को बिना किसी रुकावट के तेज रखा जाए। स्टेट कैपिटल रीजन के पूरी तरह गठन हो जाने से क्षेत्र में कई बड़े और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इस इलाके में वैश्विक निवेश में भारी बढ़ोतरी होगी, जिससे नए-नए उद्योग धंधे स्थापित होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बंपर अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, बेहतर कनेक्टिविटी और हाईटेक ट्रांसपोर्ट सिस्टम मिलने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच विकास का संतुलन बनेगा। सुविधाओं के स्थानीय स्तर पर मिलने से महानगरों की तरफ होने वाला पलायन रुकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक नई मजबूती मिलेगी। इस पूरी योजना को सफल बनाने के लिए सरकार ने कुछ बेहद खास क्षेत्रों को अपनी प्राथमिकता सूची में रखा है। इसमें पूरे क्षेत्र को आपस में जोड़ने के लिए एक मजबूत क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क और हाई-स्पीड कॉरिडोर का जाल बिछाया जाएगा। साथ ही, यातायात को जाम मुक्त बनाने के लिए एलिवेटेड और पेरिफेरल रोड का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे और मेट्रो कनेक्टिविटी का विस्तार राजधानी के पड़ोसी जिलों तक करने की भी योजना है। औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए बड़े लॉजिस्टिक पार्कों का विकास, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और निवेश आधारित विशेष क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। इस पूरे मास्टर प्लान के साथ ही लखनऊ-कानपुर कॉरिडोर को भी विकास के एक प्रमुख और रोल मॉडल के रूप में इस रीजन के साथ सीधे जोड़ा जा रहा है।

# विहिप दुर्गा वाहिनी का 8 दिवसीय प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 24 मई से, भानी देवी गोयल में हुआ भूमि पूजन

## 250 बालिकाएं लेंगी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण,नेपाल की बालिकाएं भी होंगी शामिल

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** महानगर में विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत की दुर्गा वाहिनी द्वारा आयोजित प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के तहत गुरुवार को भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 24 मई से 1 जून 2026 तक भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। शिविर में कानपुर प्रांत के 21 जनपदों से लगभग 250 बालिकाएं भाग लेंगी, जिनमें 25 बालिकाएं नेपाल से भी शामिल होंगी।



भूमि पूजन कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, प्रांत संयोजिका अवनी, विभाग अध्यक्ष श्याम सुंदर, विभाग संयोजिका संगीता, जिला मंत्री निलय बोस रंजना सिंह बुन्देला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री सोमेंद्र ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा, अनुशासन और शारीरिक दक्षता के लिए तैयार करना है। आठ दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभागियों को दंड संचालन, यष्टि प्रशिक्षण, बाधाओं को पार करना, रस्सी पर चलना तथा अन्य साहसिक गतिविधियों का अभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 25 प्रशिक्षक विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक रूप से मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे हर प्रकार की चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। शिविर के संचालन और व्यवस्थाओं में झांसी के लगभग 50 कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सहयोग करेंगे। समापन अवसर पर प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा विशेष संचलन और प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। शिविर में झांसी से 35, ललितपुर से 20 तथा जालौन से 10 बालिकाएं भाग लेंगी। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं और प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# डायल 112 के चालक शुभम पचौरी को किया सम्मानित



( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय** । गुरसरांय थाना अंतर्गत मुहल्ला गांधीनगर में छत पर खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गयी, और आग ने जब तेज-तेज जलने लगी तो मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई, अगल बगल के घर खाली हो गये, तभी ज्योति पत्नी नितिन ने इमरजेंसी सर्विस 112 पर समस्या बताई तो मौके पर पहुंची यूपी 112 की दो पहिया मोटरसाइकिल UP32 DG7549 में कमांडर नीलेश तिवारी और चालक शुभम पचौरी ने मुहल्ले के सभी लोगो को दूर रख घर मे अकेले ही प्रवेश कर जान पर खेलकर पानी में भिंगोकर मोटे कपड़ो को सिलेंडर पर फेंककर आग पर काबू पाकर आग बुझाई, और सिलेंडर को बुझाकर बालू से ढक दिया, कोई भी जनहानि नही हुई । सभी लोग सुरक्षित है। मुहल्ले के सभी लोगो ने 112 पुलिस के साहस की सराहना की और मौके पर ही मुहल्ले के पार्षद अतुल व पीड़ित परिवार सहित पड़ोसियों ने माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### 112 की इस टीम ने पहले भी आग बुझाकर जनहानि बचाई है

करीब 3 माह पूर्व गरौठा चौराहे पर आधा दर्जन दुकानों में आग लग गयी थी तब भी चालक शुभम पचौरी ने जान पर खेलकर आग बुझाकर जनहानि बचाई थी, जिसमे चालक शुभम पचौरी चोटिल हुए थे ।

# गड्ढा खुदान में फिसड्डी विभागों को सीडीओ ने लगाई फटकार

**झांसी।** आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन स्तर से जनपद में 91 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने राजस्व विभाग, स्थानीय निकाय, आवास विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन एवं रक्षा विभाग को गड्ढा खुदान में शून्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग का अपने लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदान की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य में किसी भी प्रकार से कोई कटौती नहीं की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान को जन आंदोलन के रूप में मनाया जाए, उन्होंने सुझाव देते कहा कि स्कूलों में बच्चों को भी एक-एक पौधा लगाने के लिए दिया जाए और वह उसे अपने मित्रवत सुरक्षित रखें ताकि प्रकृति से सीधा जुड़ाव हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को वृक्षारोपण करने हेतु जागरूक किया जाए,इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से भी संपर्क करते हुए वृक्षारोपण में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने जनपद में समस्त विभागों को प्राप्त वृक्षारोपण लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए लक्ष्य के सापेक्ष तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गड्ढा खुदा में शून्य प्रगति वाले विभागों सहित अन्य सभी विभागों को 15 जून 2026 तक प्रत्येक दशा में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गड्ढा खुदान कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए गड्ढों में गोबर खाद एवं उर्वरक का प्रयोग अवश्य किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने वृक्षारोपण जन अभियान 2026 को सफल बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु वनविभाग की पौधशालाओं से पौध ढुलान करते समय सावधानी बरती जाए। जिससे पौधों के लाने ले जाने में कोई क्षति न हो, उन्होंने पौध ढुलान हेतु आवश्यक संसाधन की पूर्ण व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पौधों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने रोपित पौधों की सिंचाई एवं सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था के साथ ही पौधों की पर्याप्त निराई-गुड़ाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्री नीरज कुमार आर्य ने बताया कि वन विभाग द्वारा 97.59 लाख से अधिक पौधों की उपलब्धता पौधशालाओं में कर ली गई है। जिसमें 83 विभिन्न प्रजातियों की नई पौध उगान हेतु पौधशाला में तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने वन विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष सारी तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी नीरज कुमार आर्य, अपर नगर आयुक्त राहुल यादव, एसीएमओ डॉ0 अंशुमान तिवारी, डीसी मनरेगा शिखर कुमार श्रीवास्तव, डीएसओ, सुश्री सौम्या अग्रवाल, सहित उद्यान विभाग, नगर विकास,विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 29608 पद सरेंडर करने के विरोध में UMRKS ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा भेजा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ के आवाहन पर अखिल भारतीय रेलवे स्तर पर रेलवे बोर्ड द्वारा किए जा रहे 29608 पद सरेंडर के विरोध में देशव्यापी विरोध पखवाड़ा दिनांक 15 मई 2026 से 29 मई 2026 तक किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के कारखाना मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा जी के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों ने एक विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली में एकत्रित होकर श्रीमान मुख्य कारखाना प्रबंधक झांसी के माध्यम से अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2026 को 29608 पद सरेंडर करने के लिए एक आदेश जारी किया वहीं दूसरी ओर हजारों पदों के लिए रि-इंगेजमेंट पॉलिसी के तहत सेवानिवृत्ति कर्मचारियों की एवं आउटसोर्स कर्मचारी की भर्ती की जा रही है, वहीं रेलवे में दिन प्रतिदिन रेल का विस्तार हो रहा है रेल, रेलगाड़ी, रेलवे स्टेशन, रेल कारखाने में निरंतर वृद्धि होती जा रही है, जहां पदों का सृजन होना चाहिए वहीं पदों को सरेंडर कर सरकार की दोहरी नीति कर्मचारियों के भविष्य एवं नौजवानों की नौकरी पर संकट पैदा कर रही है। रैली में प्रमुखता से जोनल अध्यक्ष हेमंत कुमार विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संतोष राठौर, संगठन मंत्री विवेक कुणाल, शाखा अध्यक्ष सर्वेश कुमार, हेमंत नायक, लोकेश सिंह, शाखा सचिव पंकज पांडेय, रविकांत अग्निहोत्री, दीपक सोलंकी, रामलखन, दीपेंद्र गुप्ता, सुमंत प्रजापति, कुलदीप नायक, परवेज अहमद, प्रदीप शुक्ला, अनिरुद्ध सिंह, दिलीप राय, राजकुमार, आशीष तोमर, सुनील शर्मा, रमेश पटेल, अमित थापक, रविनेश पटेल, नीरज प्रजापति, शान मोहम्मद, राम भारत गौड़, रामहेत मीणा, अंशुल जैन, मुकेश कुमार इत्यादि सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे। कारखाना मंडल मंत्री दयानिधि मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# सिद्ध पीठ चकाडोरी आश्रम श्रीराम महायज्ञ की निकाली भव्य कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर गौ लोकवासी महंत नरसिंह दास महाराज की पुण्य स्मृति में विगत 22 वर्षों से अनवरत होने वाले नौ दिवसीय महोत्सव श्री राम महायज्ञ एवं भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

आश्रम के महंत राकेशदास जी महाराज के सानिध्य में विशाल कलश यात्रा में महिलाओं एवं पुरुषों ने धर्म ध्वज लेकर हिस्सा लिया। इसी के साथ श्रीराम महायज्ञ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हो गया। शोभायात्रा में भागवत कथा के पारीक्षत अंजूलता हरिशंकर तिवारी,विकास तिवारी पुराण लेकर सम्मलित हुए। श्री धाम अयोध्या से यज्ञाचार्य पं धनंजय दास जी महाराज द्वारा यज्ञ कराया जाएगा । कल 23 मई से विख्यात कथा वाचक भागवताचार्य पं रमाकांत व्यास महाराज रावतपुरा धाम द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। श्री राम महायज्ञ में अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में प्रमुख रूप से अनवरत रूप से अखंड रामायण पाठ,राम नाम संकीर्तन,चारों वेदों का पाठ व रात्रि में जालौन से आने वाले कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन के साथ साथ सामूहिक कन्या विवाहोत्सव किया जाएगा। यज्ञ में आने वाले समस्त दुकानदारों को विगत वर्षों की भांति बिजली,पानी व भोजन की संम्पूर्ण व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा निःशुल्क की जाएगी। दूरदराज से आने वाले भक्तों को ठहरने के लिए विशेष कुटियों का निर्माण कर लिया गया है।आयोजन समिति द्वारा लगभग सभी याज्ञिक तैयारियां पूर्ण कर लीं गईं हैं।30 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से विकास तिवारी सिया,रमाकांत मिश्रा,अरविंद हाटी वाले,विशाल द्विवेदी,कपिल सौनकिया,घनाराम मिश्रा,रुद्रप्रकाश तिवारी,विष्णु महाराज,अमित दीक्षित,प्रेमनारायण खरे,दिनेश अग्रवाल सहित कई अन्य भक्त जन व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला कारागार झाँसी का निरीक्षण, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता व अधिकारों की दी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाँसी श्रीमती कमलेश कच्छल के निर्देशन में आज माननीय सिविल जज (सी0 डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाँसी श्रीमती ईशा त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार, झाँसी का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता सेवाओं की समीक्षा करना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार की विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता की तथा उनकी विधिक एवं अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों को बताया कि आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर प्रत्येक व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे पात्र व्यक्तियों को अधिवक्ता, परामर्श एवं अन्य आवश्यक विधिक सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बंदियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर कारागार परिसर में स्थापित लीगल हेल्प डेस्क का विधिवत अनावरण किया गया। माननीय सचिव महोदया ने बताया कि इस हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों को उनके मामलों से संबंधित विधिक जानकारी, निःशुल्क विधिक सहायता, अपील, जमानत, पैरोल तथा अन्य विधिक अधिकारों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी बंदी को अपने मुकदमे, निःशुल्क अधिवक्ता, न्यायालयी कार्यवाही अथवा किसी अन्य विषय से सहायता की आवश्यकता हो तो वह लीगल हेल्प डेस्क के माध्यम से अपनी बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुँचा सकता है।

# पति से सात जन्मों के साथ का वादा कर प्रेमी संग मौत को लगाया गले

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक युवती ने पूरे रीति रिवाज के साथ सात मई को विवाह किया सात फेरे लेकर सात जन्मों तक जीने मरने की कसम खाई और विदा हो कर ससुराल चली गई लेकिन जब ससुराल से पहली दफा मायके लौटी उसके अगले ही दिन गांव के एक युवक के साथ पेड़ में लटका दोनों का शव मिला । जिसके बाद इलाके में चीख पुकार मच गई और दोनों के परिवार में कोहराम मच गया।

दरअसल पूरा मामला मर्का थाना अंतर्गत अधाव का है जहां गांव के बाहर खेतों के बीच एक पेड़ में एक युवक और नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर मौके में बुलाया जहां पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन के लिए घटना स्थल पर बुलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि परिजनों से पूछ ताँछ करने पर जानकारी मिली है कि युवती की शादी सात मई को हुई थी और बीते दिन ही ससुराल से मायके पहली दफा आई थी । रात को सज संवर कर कहीं चली गई थी जिसे परिजन पूरी रात तलाशते रहे । तभी जानकारी मिली कि गांव के बाहर एक युवक के साथ एक ही पेड़ पर दोनों लटके हुए पाए गए हैं। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों से यौन उत्पीड़न की वीडियो /फोटो सोशल मीडिया से देश विदेश भेजने का दोष सिद्ध होने पर सजा

**झांसी।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या तीन कनिष्क कुमार की अदालत में मासूम बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की वीडियो /फोटो सामग्री सोशल मीडिया के जरिए देश विदेश भेजने का दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को 5 वर्ष की सजा और 1.50 लाख रुपए अर्थदंड अदा करने का फैसला सुनाया है। आरोपी के खिलाफ जिला गाजियाबाद सीबीआई ने मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे सीबीआई के विशेष अभियोजक शोभित सिंह एवं झांसी के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तेजसिंह गौर ने बताया कि सीबीआई की भ्रष्टाचार निवारण शाखा गाजियाबाद ने अपने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि भारत तथा देश व विदेश के विभिन्न भागों के व्यक्तियों का एक समूह विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म के समूह के माध्यम से बालक लैंगिक उत्पीड़न दुरुपयोग सामग्री को लिंक, वीडियो, टेस्टर, पिक्चर को शेयर करके प्रसारित कर रहे है। इस एफआईआर में कईअज्ञात सहित प्रकाश में आए एक मोबाइल नंबर के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि जिस नम्बर से यह बाल यौन उत्पीड़न की वीडियो, फोटो, पिक्चर सामग्री सोशल मीडिया पर डालकर देश विदेश बेची जा रही वह नम्बर जिला झांसी के गरौठा तहसील एरच रामगंज मोहल्ला निवासी रामजी पुत्र लक्ष्मी प्रसाद का है। सीबीआई की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में बालक यौन उत्पीड़न दुर्योग संबंधी सामग्री, सीडी, शोशल मीडिया लिंक, वीडियो आदि बरामद की थी। सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक शोभित सिंह और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तेजसिंह गौर ने न्यायालय में सुनवाई के दौरान न्यायालय से अपील करते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य काफी गंभीर ओर समाज विरोधी है, इसे कठोर सजा सुनाई जाए। सारे साक्ष्य और सबूत के आधार पर आरोपी रामजी पर आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे पांच वर्ष का कारावास और डेढ़ लाख रुपए अर्थदंड से दंडित करने का आदेश सुनाया।

# बुन्देलखण्ड' सीजन 4 का भव्य शुभारम्भ

### - 'राजकीय संग्रहालय में उमड़ेगा प्रतिभाओं का सैलाब, विशाल ऑडिशन से होगा आगाज़ '

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** संस्था प्रयास : सभी के लिए द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सांगीतिक आयोजन 'वॉयस ऑफ बुन्देलखण्ड - झांसी आइडल' सीज़न 4 के भव्य शुभारम्भ से पूर्व आज रामनाथ गेड़ा सभागार में पत्रकारों की उपस्थिति में अंतिम तैयारियों के साथ बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष के. डी. गुप्ता ने की तथा नेतृत्व संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने किया।



पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति ने कल से प्रारम्भ होने जा रहे विशाल ऑडिशन राउंड की तैयारियों, प्रतिभागियों के उत्साह, मंचीय व्यवस्थाओं एवं चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। संपूर्ण वातावरण सांगीतिक ऊर्जा, युवा उत्साह और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से ओतप्रोत दिखाई दिया। संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा 'संगीत केवल मनोरंजन नहीं, आत्मा की अभिव्यक्ति है। 'वॉयस ऑफ बुन्देलखण्ड' आज एक ऐसा मंच बन चुका है जहाँ प्रतिभाओं को पहचान और सपनों को दिशा मिलती है। हमें प्रसन्नता है कि यह आयोजन अब एक सांस्कृतिक आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि बुन्देलखण्ड की सांगीतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और युवाओं में कला के प्रति सम्मान जागृत करना है। मुख्य कार्यक्रम संयोजक बैदेही शरण सरावगी ने कहा 'कल से प्रारम्भ हो रहा यह आयोजन केवल गायन प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सुरों, सपनों, संघर्ष और भावनाओं का महायज्ञ है। हमारी पूरी टीम बीते एक माह से दिन-रात इस प्रयास में जुटी रही कि प्रत्येक प्रतिभागी को एक प्रेरणादायी, गरिमामय और भव्य मंच मिल सके। हमें विश्वास है कि इस बार ऑडिशन में प्रतिभाओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी, जिसमें प्रतिभागियों की सुर, लय, अभिव्यक्ति, मौलिकता एवं मंचीय प्रस्तुति के आधार पर चयन किया जाएगा। अध्यक्ष के. डी. गुप्ता ने कहा 'पिछले तीन सीज़नों में इस मंच ने अनेक युवा प्रतिभाओं को नई पहचान दी है। आज यह मंच कलाकारों के सपनों की पहली सीढ़ी बन चुका है। हमें विश्वास है कि इस बार का आयोजन झांसी की सांस्कृतिक चेतना को और नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। समन्वयक राकेश मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि—

ऑडिशन राउंड
23 मई 2026
प्रातः 10:00 बजे से
राजकीय संग्रहालय, झांसी

सेमीफाइनल राउंड
24 मई 2026
प्रातः 11:00 बजे से
राजकीय संग्रहालय, झांसी

ग्रैंड फिनाले
26 मई 2026
दीनदयाल सभागार, झांसी
सायं 5:00 बजे से

और बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 30 वर्ष तक के युवा गायक एवं गायिकाएँ भाग ले सकते हैं। पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है तथा प्रतिभागी [illegible] स्कैन कर ऑनलाइन पंजीकरण के साथ-साथ ऑडिशन स्थल पर सुबह 9:30 बजे से सुबह 11 बजे के मध्य भी ऑफलाइन पंजीकरण भी करा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार लोहिया ने प्रभावशाली शैली में किया। अंत में महामंत्री नवीन श्रीवास्तव ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया का सहयोग ही इस सांस्कृतिक मुहिम को जन-जन तक पहुँचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक राजेन्द्र अग्रवाल 'रज्जू भैया', पूर्व अध्यक्ष सुनील खरे, कोषाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, अशोक अग्रवाल, उमाशंकर राय, सी. बी. राय 'तरुण', बी. पी. नायक, सुभाष पुरवार, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, राजेन्द्र शर्मा, मुन्नालाल मिश्रा, देवेश मिश्रा, पी. के. भटनागर, प्रमोद चौड़ा, केदार पहारिया, लखन पटवारी, राधे गोविन्द गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718